भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2320

(दिनांक 19.12.2025 को उत्तर देने के लिए)

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की नियमित और लंबित रिक्तियां

2320. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय में समूह क, ख और ग के पदों पर पदस्थ कर्मचारियों और विभिन्न श्रेणियों में रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की लंबित रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) लंबित और नियमित रिक्तियों को भरने की कार्य योजना का ब्यौरा क्या है ताकि योजनाओं को सुचारू रूप से चलाया जा सके; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों और नए भर्ती कर्मचारियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): प्रशासनिक एवं कार्यात्मक आवश्यकताओं के अनुसार मंत्रालय में स्वीकृत पदों तथा रिक्त पदों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित बैकलोग वैकेंसी की समय-समय पर पहचान की जाती है। निहित दिशा-निर्देशों/ भर्ती नियमों तथा आरक्षण नीति के अनुसार बैकलोग एवं नियमित रिक्त पदों को भरने हेतु समय-समय पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

*****